निबंधन और शर्तें (टीओआर)
वरिष्ठ परामर्शदाता / परामर्शदाता जन स्वास्थ्य

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) की स्थापना जन स्वास्थ्य प्रणाली के सुदृढ़ीकरण हेतु राज्यों को तकनीकी और क्षमता निर्माण सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्तशासी पंजीकृत सोसाइटी के रूप में की गई है। एनएचएसआरसी स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से निम्नलिखित पदों को पूर्णतया संविदा आधार पर भरना चाहता है।

पद का नाम	वरिष्ठ परामर्शदाता / परामर्शदाता जन स्वास्थ्य		
पदों की संख्या	1		
अवधि	एक वर्ष		
स्थान	नई दिल्ली		
पद का प्रकार	संविदा पर		
पद	न्यूनतम शैक्षिणक योग्यता	न्यूनतम अनुभव	पारिश्रमिक सीमा
परामर्शदाता	यूजीसी / एआईसीटीई के मान्यता प्राप्त संस्थानों से एमबीबीएस अथवा जन स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर	3 वर्ष या उससे अधिक	रु. 60,000/- से रु. 90,000/- प्रतिमाह
वरिष्ठ परामर्शदाता		7 वर्ष या उससे अधिक	रु. 90,000/- से रु. 1,20,000/- प्रतिमाह
आयु सीमा	आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष		
वांछित कौशल	➢ उच्चस्तरीय कम्प्यूटर दक्षता, विशेषकर - साधारणतः प्रयोग होने वाली विंडोज, एमएस सॉफ्टवेयर, सॉफ्टवेयर पैकेज तथा स्वास्थ्य में आईसीटी की अच्छी जानकारी। ➢ उत्कृष्ट संप्रेषण और प्रस्तुतिकरण कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर- वैयक्तिक योग्यताएं, अंग्रेजी बोलने और लिखने में उत्कृष्ट संप्रेषण कौशल। हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है। ➢ बहुविषयक दल परिवेश में कार्य करने की योग्यता प्रदर्शित की हो। ➢ तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों और जिलों का दौरा करने की तत्परता और सौंपे जाने वाले कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निपटाने के लिए एक-साथ विभिन्न कार्यों को करने की योग्यता। ➢ केंद्र / राज्य / संघ राज्य क्षेत्रों के स्वास्थ्य विभाग में कार्य करने का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी।		
भूमिका और उत्तरदायित्व	➢ कार्यक्रम के कार्यान्वियन हेतु विभागों (केन्द्रीय, राज्य / संघ राज्य क्षेत्र तथा अन्य शामिल हितधारकों) से कार्यात्मक तथा तकनीकी अपेक्षाओं को समझना तथा अपेक्षानुसार रजिस्टर, प्रारूप, दिशा-निर्देश, नवाचार, प्रयोक्ता नियमावली (यूजर मैनुअल) तथा अन्य कागजात तैयार / संशोधित करना। ➢ सरकार / मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से एमसीटीएस / आरसीएच प्रणाली के परिचालन के लिए संपर्क रखना। ➢ एमसीटीएस / आरसीएच आंकड़ों की गुणवत्ता की समीक्षा करने, चुनौतियों तथा कमियों की पहचान करने तथा आंकड़ों की गलतियों में सुधार करने हेतु राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों से अनुवर्ती कार्रवाई करने हेतु राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों तथा जिलों का समय-समय पर क्षेत्रीय दौरा करना। ➢ डाटा रिपोर्टिंग फॉर्मेट, रिपोर्टों तथा आंकड़ों की उपयोगिता सहित एमसीटीएस / आरसीएच पोर्टल के विभिन्न पहलुओं पर राज्य / संघ राज्य क्षेत्र तथा जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करना। ➢ एमसीटीएस / आरसीएच एप्लीकेशन के सुदृढ़ीकरण हेतु अनमोल, किलकारी, मोबाइल अकादमी, आरसीएच सिटीजन पोर्टल और दूसरे एप्लीकेशनों के लिए प्रशिक्षण, समीक्षा और कार्यान्वियन संबंधी सहायता उपलब्ध कराना। ➢ राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को कार्यान्वियन हेतु सहायता एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराना तथा जन स्वास्थ्य से संबंधित सभी टीओआर में क्षमता निर्माण / प्रशिक्षण में सहायता करना। ➢ कार्यान्वियन कवरेज और अंतराल के संबंध में राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों और अन्य शामिल हितधारकों के साथ आवधिक रूप से अनुवर्ती कार्रवाई करना, कमियों/चुनौतियों के संबंध में सार तैयार करना, तकनीकी प्रशिक्षण माड्यूल तैयार करने और संसाधन सामग्री के विकास में सहायता प्रदान करना।		

	➢ आरसीएच रजिस्टर, वेब आधारित कार्यक्रम तथा प्रयोक्ता दिशा-निर्देशों, कार्यविधियों तथा उपकरणों की समीक्षा तथा पुनर्निरुपण करना ताकि उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। ➢ रिपोर्टिंग प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।
अन्य निबंधन और शर्तें	➢ त्यागपत्र देने के मामले में, अभ्यर्थी को एक महीने का नोटिस देना होगा। ➢ परियोजना के लिए भारत में कहीं भी यात्रा करने के लिए तत्पर रहना होगा।

आवेदन करने के लिए: उम्मीदवारों से अनुरोध है कि टीओआर के साथ संलग्न आवेदन प्रारूप को डाउनलोड करें, जो एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है तथा विधिवत रूप से भरा गया आवेदन पत्र recruitment.mcts@gmail.com पर **11-Sep-2018** तक अवश्य ई-मेल कर दें। अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन-पत्र के ऊपर आवेदन किए गए पद का नाम लिख दिया गया है, अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।